तापमान

भोपाल	41.8°	28.6°
इंदौर	41.3°	28.9°
जबलपुर	41.0°	27.6°
ग्वालियर	45.0°	28.4°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 171,पृष्ठ 12)
सोमवार 20 मई 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... डॉ. यादव ने गाजीपुर व बलिया में जनसभाओं को...

खेल... सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन का खिताब जीता...

व्यापार... भारत का योगदान ग्लोबल जीडीपी में 30 फीसदी...

देश-विदेश... ताइवान के ईद-गिर्द नजर आए चीन के सैन्य...

www.naiduniaonline.com

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में प्रधानमंत्री ने कहा-

सीएए मोदी की गारंटी, कांग्रेस और टीएमसी एक ही सिक्के के दो पहलू

मेदिनीपुर (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेदिनीपुर का ये माहौल साफ बता रहा है कि पूरा बंगाल विकसित भारत के लिए संकल्प ले चुका है। पूरा बंगाल ये ठान चुका है कि इस बार भी केंद्र में एक मजबूत सरकार बनानी है। इसलिए देश के हर कोने से एक ही आवाज सुनाई दे रही है- फिर एक बार मोदी सरकार।

मोदी ने कहा कि जो अल्पसंख्यक हिंदू भाई-बहन प्रताड़ित होकर के यहां आए हैं उनका टीएमसी घोर विरोध करती है। लेकिन मैंने वादा किया था कि मैं इन शरणार्थी परिवारों को नागरिकता दूंगा। ये हमारे भाई-बहन हैं। लेकिन टीएमसी इनकी मदद का विरोध कर रही है, सीएए का विरोध कर रही है। टीएमसी वाले, कांग्रेस वाले, लेफ्ट वाले आप सभी लिख कर रख लेना,आप कुछ भी नहीं कर पाओगे। अभी 4 दिन पहले, 300 से ज्यादा शरणार्थियों को नागिरकता देकर के शुभ शुरुआत हो चुकी है। मैं टीएमसी वालों से कहना चाहता हूं कि कान खोलकर सुन लो सीएए मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि टीएमसी की साजिशों को रोकने के लिए केंद्र में एक मजबूत और स्थिर भाजपा सरकार जरूरी है। जब तक मोदी केंद्र में हैं, मैं उन्हें उनके गलत इरादों में कामयाब नहीं होने दूंगा। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस और टीएमसी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ये लोग एक-दूसरे को बंगाल में तो गाली देते हैं, फिर दिल्ली जाकर दोस्ती निभाने लगते हैं। टीएमसी भले अलग चुनाव लड़ने की नाटक कर रही हो, लेकिन ये दिल्ली में इंडी अलायंस के पार्टनर है। बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि टीएमसी लोकतंत्र की लड़ाई हार गई है और इसलिए वे गुंडों की मदद से जीतना चाहती है। लेकिन, बंगाल के युवाओं, किसी से डरना नहीं। मेदिनीपुर की धरती वीरों और क्रांतिकारियों की धरती है। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल में टीएमसी आतंकवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और भाई-भतीजावाद का पर्याय है। अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए टीएमसी हिंदू समाज और आस्था का अपमान कर रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम के हालिया अपमानजनक बयान से सिर्फ पश्चिम बंगाल ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता गुस्से में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी के तुष्टीकरण ने बंगाल में जनसांख्यिकी को बिगाड़ दिया है। टीएमसी दूसरे राज्यों से आए लोगों को बाहरी कहती है।

उद्योगपतियों के खिलाफ नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं शहजादे

वहीं,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड की जमशेदपुर लोकसभा सीट के घाटशिला में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जोरदार हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं। वे उद्योगों और उद्योगपतियों पर लगातार हमला कर रहे हैं। नक्सली बिना पैसा लिए किसी उद्योगपति को कोई काम नहीं करने देते थे। हमने उन नक्सलियों की कमर तोड़ दी, लेकिन अब कांग्रेस और झामुमो ने उन नक्सलियों की जिम्मेदारी उठा ली है। इन्हें उद्योगों के विकास से नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और वसूली से मतलब है। पीएम ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस के शहजादे उद्योगपतियों और निवेशकों का विरोध करेंगे, तो तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, झारखंड जैसे राज्यों में जहां कांग्रेस और उनकी सहयोगी पार्टियों की सरकारें हैं, कौन निवेशक जाएगा और कौन उद्योग लगाएगा? कांग्रेस और उसकी पार्टियों की सरकारें उद्योगों और उद्योगपतियों के खिलाफ माहौल बनाकर वहां के नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही हैं। उन्होंने झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकार पर राज्य को लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके नेताओं और अफसरों के यहां से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। आज झारखंड का नाम लेते ही खनिज संपदाओं से संपन्न राज्य का नहीं, बल्कि लूटकर बनाए गए नोटों के पहाड़ का दृश्य सामने (शेष पेज 2 पर)

अपने परिवार के लिए पूरा इंडिया गठबंधन करता है राजनीति : शाह

प्रयागराज (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा 'इंडी' गठबंधन अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करता है।

उन्होंने कहा कि लालू जी, सोनिया जी, उद्धव जी, स्टालिन अपने-अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जिले के यमुनापार मेजा तहसील के सोरांव पाती गांव में इलाहाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, जो लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करते हैं क्या वे आपका भला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कहता है कि उनकी सरकार आएगी तो वे अनुच्छेद 370 फिर से लागू करेंगे, तीन तलाक वापस लाएंगे, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) हटाएंगे और परमाणु हथियार नष्ट करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ये 'इंडी' गठबंधन देश को आगे नहीं बढ़ा सकता। गृह मंत्री ने कहा, ये कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकारों ने 70 साल तक राम मंदिर को अटकाए रखा। सपा सरकार ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं और हमारे रामभक्तों को मारने का काम किया। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। मोदी जी ने केस जीता, भूमि पूजन किया और 24 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा समारोह के साथ 'जय श्री राम' कह दिया। उन्होंने कहा कि जब ट्रस्ट (न्यास) ने इनको (विपक्षी दलों को) प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण भेजा तो वो लोग नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोनिया जी भी नहीं पहुंचीं, राहुल बाबा, अखिलेश और डिंपल भाभी भी नहीं पहुंचीं, ये इसलिए नहीं पहुंचे क्योंकि अपने वोटबैंक से डरते हैं, उनके वोटबैंक आप नहीं, बल्कि वे घुसपैठिए हैं। शाह ने कहा कि मोदी जी ने अपने धर्म के सभी सांस्कृतिक केंद्रों को ऊर्जावान बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर रामभक्तों पर गोली चलाने वाले हैं तो दूसरी ओर राम मंदिर बनवाने वाले मोदी जी हैं, जनता को दोनों के बीच चुनाव करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, 2017 में योगी जी की सरकार आई और उन्होंने चुन चुनकर माफियाओं को खत्म कर प्रदेश में सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने, देश को सुरक्षित करने, आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने, गरीबी को समाप्त करने और महान भारत की रचना करने का चुनाव है। कार्यक्रम में इलाहाबाद सीट से निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' भी मौजूद थे। वहीं, बिहार के बेतिया में गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन को जमकर खरी खोटी सुनाई। इंडिया गठबंधन के साथ शाह ने लालू यादव को भी लपेटे में लिया। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं। झूठ बोलकर, जनता को गुमराह करके राजनीति में विजय प्राप्त करना चाहते हैं। ये कहते हैं, मोदी जी 400 पार होंगे, तो आरक्षण हटा देंगे। इससे बड़ा कोई झूठ नहीं हो सकता। 10 साल से मोदी जी के पास बहुमत है, लेकिन मोदी जी ने आरक्षण को (शेष पेज 2 पर)

खास-खबर

ईरान राष्ट्रपति रईसी का दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर नहीं मिला, तलाशी अभियान जारी

तेहरान(एजेंसी)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहा हेलीकॉप्टर रविवार को एक हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हादसा ईरान के उत्तर पश्चिम में अजरबैजान की सीमा के पास हुआ । हादसे की सबसे करीब जगह का नाम तबरेज़ है, हालांकि अभी तक रेस्क्यू की टीम ईरानी राष्ट्रपति तक नहीं पहुंच सकी है। ईरानी टेलीविजन चैनल के मुताबिक ईरान के तरबेज शहर के सांसद मोहम्मद रजा मीर ताज ने कहा कि अभी तक राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर नहीं मिला है, अधिकारी और सेना दुर्घटना स्थल तक पहुंचने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है । रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी सांसद ने मोहम्मद रजा मीर ने बताया कि राष्ट्रपति (शेष पेज 2 पर)

बीजद के पूर्व मंत्री समीर दास समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

भुवनेश्वर (एजेंसी)। बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व मंत्री एवं निमापारा विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे समीर रंजन दास ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया और अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। श्री दास पार्टी से नाखुश थे। उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त की जब पार्टी ने उन्हें 2024 का चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का टिकट नहीं दिया। वह वर्ष 2009, 2014 और 2019 के विधानसभा चुनावों में लगातार तीन बार निमपारा सीट से विधायक चुने गए थे।

पहले रामभक्तों पर गोली चलती थी आज उनकी आवभगत होती है : योगी

आजमगढ़ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश केमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों से मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की तुलना करते हुए कहा कि पिछली सरकारों के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं, मगर आज अयोध्या में रामभक्तों की आवभगत होती है। योगी रविवार को मेहनगर में आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी और भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता दिनेश लाल निरहुआ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले आजमगढ़ की पहचान आतंक के गढ़ की बना दी गई थी, देश में कहीं भी आतंकी धमाके होते थे तो आजमगढ़ का नाम आता था, मगर बीते 10 साल में कहीं कोई आतंकी घटना नहीं हुई। आज तो पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, इसे एक औद्योगिक सिटी बनाना है। यह फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा जहां से ढेर सारे 'निरहुआ' और आम्रपाली दुबे (अभिनेत्री) जैसे कलाकार निकलेंगे। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा, वो लोग यहां पिकनिक मनाने आ रहे हैं और चुनाव बाद घूमने के लिए ब्रिटेन चले जाएंगे, क्योंकि वो बड़े लोग हैं।

लोकसभा के पांचवें चरण की 49 सीटों पर मतदान आज

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर सोमवार को सुचारु रूप से मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा और कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

राहुल-अखिलेश की सभा में हंगामा, दोनों छोड़ गए मंच

प्रयागराज (एजेंसी)। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार को पहुंचे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल और सपा अध्यक्ष अखिलेश हंगामे के चलते मंच छोड़ कर चले गये।

दरअसल, फूलपुर में रविवार को कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैली थी जिसे दोनो ही दलों के शीर्ष नेताओं को संबोधित करना था मगर कार्यकर्ताओं का उत्साह इस कदर परवान चढ़ा कि भीड़ बेकाबू हो गयी। अखिलेश ने अपने समर्थकों को शांत रहने की अपील की जिसे नजरअंदाज कर दिया गया और नाराज राहुल गांधी और अखिलेश यादव मंच छोड़कर चले गए। सपा और कांग्रेस गठबंधन में फूलपुर की सीट सपा के खाते में है जबकि प्रयागराज की सीट कांग्रेस के पास है।

रविवार को सपा प्रत्याशी अमरनाथ यादव के लिए प्रचार करने के लिए फूलपुर संसदीय क्षेत्र के पडिला में संयुक्त सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। मंच पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पहुंचने के साथ भीड़ बेकाबू हो गयी। दोनो नेताओं ने समर्थकों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अखिलेश और राहुल की संयुक्त रैली में हुए हंगामे का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में, राहुल और अखिलेश स्टेज पर नजर आ रहे हैं और नीचे भारी संख्या में कार्यकर्ता स्टेज की ओर भागते नजर (शेष पेज 2 पर)

'आप' को खत्म करना चाहते हैं प्रधानमंत्री मोदीः केजरीवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को खत्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह 'आप' मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बहुत तेजी से बढ़ रही है। हमारे कामों की चर्चा देशभर में हो रही है। भविष्य में आप भाजपा को चुनौती देगी और इसलिए यह हम लोगों को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा है।

चंबल में हीटवेव, दतिया में तापमान 47 डिग्री पार

भोपाल(काप्र)। मध्यप्रदेश में गर्मी कहर बरपा रही है। यहां लगातार तापमान बढ़ने की वजह से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। इस सीजन में पहली बार एमपी के दतिया में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस और ग्वालियर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तो वहीं, विदिशा समेत कुछ इलाकों में बारिश भी दर्ज की गई है। अब मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए कुछ इलाकों में हीटवेव तो कहीं बारिश और ओले गिरने की संभावना जताई है। मध्य प्रदेश के दतिया में शनिवार को तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया, तो वहीं ग्वालियर में 45 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। इसी बीच कुछ जिलों में बारिश भी हुई। विदिशा में करीब आधे घंटे पानी गिरा। इसके अलावा कुछ और जिलों में बूंदाबांदी भी हुई। अब मौसम विभाग ने रविवार को मंदसौर, रतलाम, छिंदवाड़ा और बैतूल में आंधी बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना जताई है। मध्यप्रदेश (शेष पेज 2 पर)

सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में

सबूत जुटाने में लगी दिल्ली पुलिस, सीएम आवास से जब्त किया सीसीटीवी डीवीआर

नई दिल्ली (एजेंसी)। आप सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में दिल्ली पुलिस आरोपी बिभव कुमार के खिलाफ सबूत जुटाने में लगी हुई है। इस सिलसिले में एडिशनल डीसीपी अंजिता चेप्याला,एसएचओ सिविल लाइन्स समेत दिल्ली पुलिस की एक टीम रविवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर तलाशी लेने पहुंची थी। दिल्ली पुलिस की टीम सीसीटीवी डीवीआर जब्त कर सीएम आवास से बाहर निकली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस की टीम प्रिंटर और लैपटॉप लेकर सीएम हाउस पर तलाशी लेने पहुंची थी। सीएम आवास की सीसीटीवी फुटेज शनिवार को दिल्ली पुलिस को मिल गयी थी, लेकिन इसमें घटना के वक्त की रिकॉर्डिंग मौजूद नहीं थी। इसके अलावा पुलिस ने कोर्ट में बिभव कुमार पर जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप लगाए थे।

स्पेशल खबर — उत्तर प्रदेश : पांचवें चरण में पांच केंद्रीय मंत्रियों सहित...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर

लखनऊ(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह व स्मृति ईरानी समेत जहां पांच केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मतदाताओं की कसौटी पर होंगे।

उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण में 14 लोकसभा सीटों और एक विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए सोमवार को मतदान होगा। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह-लखनऊ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी-अमेठी, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर-मोहनलालगंज, केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा-जालौन, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति-फतेहपुर लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले में हैं। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रायबरेली में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। गांधी के सामने भाजपा ने राज्य सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को फिर मौका दिया है जो यहां 2019 में सोनिया गांधी से पराजित हो गये थे। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए रविवार को मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए पांचवें चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं।

कश्मीर में दो जगह आतंकवादी हमला, शोपियां पूर्व सरपंच की हत्या अनंतनाग में राजस्थान के दंपत्ति घायल

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू- कश्मीर में शनिवार शाम एक के बाद एक दो आतंकवादी हमले हुए। आतंकवादियों पर शोपियां में पूर्व सरपंच एजाज अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं अनंतनाग के हीरपोरा में राजस्थान के जयपुर निवासी दम्पत्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शोपियां के हीरपोरा इलाके में आतंकवादियों ने पूर्व सरपंच जाज अहमद कई गोलिया चलायीं। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई। पुलिस ने अब तक मौत की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले आतंकवादियों ने अनंतनाग जिले में राजस्थान के जयपुर निवानी फरहा और उनके पति तबरेज को (शेष पेज 2 पर)